पंजीकृत संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–16] रुड़की, शनिवार, दिनांक 07 मार्च, 2015 ई0 (फाल्गुन 16, 1936 शक सम्वत्) [संख्या–10

फार्म नं0 4
(नियम 8 देखिये)

1–प्रकाशन	:	रुड़की।
2–प्रकाशन की अवधि	:	साप्ताहिक।
3–मुद्रक का नाम	:	अपर निदेशक, एस0 के0 गुप्ता।
(क्या भारतीय नागरिक हैं)	:	भारतीय।
(यदि विदेशी हों तो मूल देश)	:	—
पता	:	अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।
4–प्रकाशक का नाम	:	अपर निदेशक, एस0 के0 गुप्ता।
(क्या भारतीय नागरिक हैं)	:	भारतीय।
(यदि विदेशी हों तो मूल देश)	:	—
5–सम्पादक का नाम	:	उत्तराखण्ड शासन।
(क्या भारतीय नागरिक हैं)	:	भारतीय।
(यदि विदेशी हों तो मूल देश)	:	—
पता	:	सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6–उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार–पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझीदार हों	:	सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

मैं, एस0 के0 गुप्ता, अपर निदेशक एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

(प्रकाशक के हस्ताक्षर)
एस0 के0 गुप्ता,
अपर निदेशक,
राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड,
रुड़की।

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	121—134	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	97—114	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	—	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	71—74	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

गृह अनुभाग–1

विज्ञप्ति/पदोन्नति

23 दिसम्बर, 2014 ई0

संख्या 2382/XX(1)-2014-3(12)2004–उत्तराखण्ड प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग के पुलिस उपाधीक्षक, वेतनमान (₹ 15600—39100, ग्रेड पे— ₹ 5400) के पद पर प्रोन्नति कोटे की चयन वर्ष 2014—15 की रिक्तियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में आयोजित चयन समिति की बैठक दिनांक 31 अक्टूबर, 2014 को नियमित चयन हेतु की गयी संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय, निम्नलिखित स्थायी पुलिस निरीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत करते हुए कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष के लिए परिवीक्षाकाल पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

चयन वर्ष 2014—15

क्र0 सं0	नाम	अभ्युक्ति
1	2	2
1.	श्री कुलदीप सिंह असवाल	श्री आनन्द सिंह गुंसाई, पुलिस उपाधीक्षक के दिनांक 31.12.2014 को सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न होने वाली रिक्ति के सापेक्ष पदोन्नत
2.	श्रीमती अंशु चौधरी	श्री रघुवीर सिंह असवाल, पुलिस उपाधीक्षक के दिनांक 31.12.2014 को सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न होने वाली रिक्ति के सापेक्ष पदोन्नत
3.	श्री दिनेश चन्द्र तिवारी	उक्त क्रमांक—2 पर पदोन्नत किये जा रहे श्रीमती अंशु चौधरी के दिनांक 31.01.2015 को सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न होने वाली रिक्ति के सापेक्ष पदोन्नत

2. उक्त सूची में उल्लिखित अधिकारी अपने नाम के सम्मुख स्तम्भ—3 में अंकित अभ्युक्ति में वर्णित अधिकारियों के सेवानिवृत्ति के उपरान्त उत्पन्न होने वाली स्पष्ट रिक्ति की तिथि से पदोन्नत किये जा रहे पद पर कार्यभार ग्रहण करते हुए अनुपालन आख्या शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

3. उक्तवत् पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों को उक्त सेवा में पूर्व से नियुक्त किये गये तथा नियुक्त किये जाने वाले अन्य अभ्यर्थियों के साथ ज्येष्ठता कालान्तर में उत्तराखण्ड पुलिस सेवा नियमावली, 2009 तथा उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के अनुसार निर्गत की जायेगी, जो प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग की ज्येष्ठता के सम्बन्ध में मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या : 35452/2013 (सिविल अपील संख्या : 10804/2013) प्रमोद कुमार एवं अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अन्तिम निर्णय/आदेश के अधीन होगी।

आज्ञा से,

एम0 एच0 खान,
प्रमुख सचिव।

गृह अनुभाग—8

अधिसूचना

27 दिसम्बर, 2014 ई0

संख्या 365/XX(8)2014-12(36)2010—श्री राज्यपाल महोदय, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1974) की धारा 174 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके पूर्व से संचालित शव विच्छेदन गृहों के अतिरिक्त निम्न तालिका के अनुसार स्तम्भ—2 में उल्लिखित नव—निर्मित "शव विच्छेदन गृह (Post-Mortem House)" में, उनके सम्मुख, स्तम्भ—4 में उल्लिखित थाना/तहसील क्षेत्रों के मानव शवों का विच्छेदन तथा चिकित्सकीय परीक्षण कराये जाने की अनुमति प्रदान करते हैं और तद्नुसार इस अधिसूचना को अधिसूचित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति भी प्रदान करते हैं:—

क्र0 सं0	शव विच्छेदन गृह का नाम	जनपद	सम्बन्धित क्षेत्र का नाम
01	02	03	04
1.	नारसन	हरिद्वार	1. कोतवाली मंगलौर 2. थाना झबरेड़ा
2.	भगवानपुर	हरिद्वार	1. थाना भगवानपुर 2. थाना बुग्गावाला

01	02	03	04
3.	लक्सर	हरिद्वार	1. कोतवाली लक्सर 2. थाना जी0आर0पी0 लक्सर 3. थाना खानपुर
4.	त्यूनी	देहरादून	1. थाना चकराता 2. राजस्व क्षेत्र चकराता 3. राजस्व क्षेत्र त्यूनी
5.	ऋषिकेश	देहरादून	1. थाना ऋषिकेश 2. थाना रायवाला 3. थाना रानीपोखरी
6.	कर्णप्रयाग	चमोली	1. कर्णप्रयाग 2. पोखरी 3. थराली
7.	जोशीमठ	चमोली	1. जोशीमठ 2. बद्रीनाथ

आज्ञा से,

एम0 एच0 खान,

प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification No. 365/XX(8) 2014-12(36)2010, dated December 27, 2014 for general information.

NOTIFICATION

December 27, 2014

No. 365/XX(8) 2014-12(36)2010--In exercise of the powers conferred by Section 174 of the Code of Criminal Procedure 1973 (2 of 1974), The Governor is pleased to hereby notify the following Newly constructed Post-Mortem Houses as mentioned in Column-2, for Post- Mortem and Medical examination of the Human Corpses of the Police Station/Tehsil areas mentioned before them in column-4, in addition to the Post-Mortem Houses functioning at present.

S. No.	Post-Mortem House	District	Jurisdiction
01	02	03	04
1.	Narsan	Hardwar	1. Kotwali Manglour 2. Police Station Jhabrera
2.	Bhagwanpur	Hardwar	1. Police Station Bhagwanpur 2. Police Station Buggawala
3.	Laksar	Hardwar	1. Kotwali Laksar 2. Police Station GRP Laksar 3. Polioe Station Khanpur
4.	Tiuni	Dehradun	1. Police Station Chakrata 2. Revenue Area Chakrata 3. Revenue Area Tiuni

S. No.	Post-Mortem House	District	Jurisdiction
01	02	03	04
5.	Rishikesh	Dehradun	1. Police Station Rishikesh 2. Police Station Raiwala 3. Police Station Rani Pokari
6.	Karanprayag	Chamoli	1. Karanprayag 2. Pokhari 3. Tharali
7.	Joshimath	Chamoli	1. Joshimath 2. Badrinath

By Order of the Governor,

M. H. KHAN,
Principal Secretary.

गृह अनुभाग–1

विज्ञप्ति/नियुक्ति

01 जनवरी, 2015 ई0

संख्या 2427/XX(1)-2014-3(21)2005–उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2010 के परीक्षा परिणाम के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की गृह विभाग को प्राप्त चयन संस्तुति के आधार पर प्रमुख सचिव, कार्मिक उत्तराखण्ड शासन के अनिवार्य प्रशिक्षण/औपबन्धिक नियुक्ति हेतु निर्गत दिशा–निर्देश संख्या–600/XXX(2)/2014 दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 के क्रम में निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड पुलिस सेवा नियमावली, 2009 तथा ऐसी अन्य समस्त सेवा शर्तें जो समय–समय पर शासन द्वारा निर्धारित की जायेंगी, के अन्तर्गत उत्तराखण्ड प्रान्तीय पुलिस सेवा में पुलिस उपाधीक्षक (वेतनमान ₹15600–39100, ग्रेड वेतन ₹ 5400) के पद पर निम्न प्रस्तर–2 में व्यक्त की गयी शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन नितान्त अस्थायी एवं पूर्णतः औपबन्धिक रूप से नियुक्ति प्रदान करते हुए उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखे जाने तथा औपबन्धिक प्रथम नियुक्ति पर उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में दिनांक 07–01–2015 से 28–03–2015 तक आयोजित आधारभूत प्रशिक्षण हेतु तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

क्र0 सं0	अभ्यर्थी का नाम	अभ्यर्थी के पिता का नाम	अभ्यर्थी के डाक/पत्राचार का पता
1	2	3	4
1.	श्री शेखर चन्द्र सुयाल	स्व0 महेश चन्द्र सुयाल	ग्राम व पोस्ट–सुयालबाड़ी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड, पिन कोड–263135
2.	सुश्री कमला बिष्ट	स्व0 जगत सिंह बिष्ट	ग्राम–हरिपुर पूर्णानन्द, पोस्ट–अर्जुनपुर, गोरापड़ाव, हल्द्वानी (जिला नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड–263139
3.	श्री अभय कुमार सिंह	श्री तेज बहादुर सिंह	प्रवक्ता, राजकीय इण्टर कॉलेज, रामपुर न्यालसुं, जिला रूद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड, पिन कोड–246471
4.	श्री मनोज कुमार ठाकुर	श्री हरि सिंह	41, घोसी गली, देहरादून, उत्तराखण्ड, पिन कोड–248001
5.	श्री बीर सिंह	श्री भेकल सिंह	ग्राम व पोस्ट–मौन, विकाखण्ड–नैनीडाण्डा, तहसील धुमाकोट, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन कोड–246277

2. उक्त नियुक्ति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन है :-

(1) उक्त नियुक्ति मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल में लम्बित रिट याचिका संख्या : 67/2014 शैलेश भण्डारी बनाम उत्तराखण्ड राज्य, रिट याचिका संख्या : 86/2014 हेम चन्द्र एवं अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य, रिट याचिका संख्या : 106/2014 सुमित भण्डारी बनाम उत्तराखण्ड राज्य, रिट याचिका संख्या 562/2011 नन्द किशोर बनाम उत्तराखण्ड राज्य, रिट याचिका संख्या : 326/2011 आशुतोष भट्ट बनाम उत्तराखण्ड राज्य, रिट याचिका संख्या : (PIL) 67/2011, रिट याचिका संख्या : 330/2013 अजय डुंगराकोटी बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, रिट याचिका संख्या : 208/2014 पुष्पेन्द्र चौधरी बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग एवं पी0सी0एस0 परीक्षा, 2010 से सम्बन्धित अन्य याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय/आदेश के अधीन होगी।

(2) यदि किसी अभ्यर्थी के सम्बन्ध में पुलिस सत्यापन, चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन, उत्तराखण्ड महिला वर्ग में चयनित अभ्यर्थियों के स्थायी निवास प्रमाण–पत्रों की जाँच तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण–पत्रों की जाँच सक्षम अधिकारियों से कराये जाने पर यदि किसी अभ्यर्थी के सम्बन्ध में कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आता है अथवा कोई प्रमाण–पत्र जाली अथवा त्रुटिपूर्ण पायी जाती है, तो ऐसे अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी तथा ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

(3) यदि किसी अभ्यर्थी के State Medical Board द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात् उन्हें सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थियों की नियुक्ति निरस्त समझी जायेगी।

(4) परिवीक्षा अवधि के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना होगा।

(5) Indian Official Secret Act, 1923 के प्राविधानों को पढ़ लिया जायेगा तथा इसमें उल्लिखित प्राविधानों एवं दिशा–निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाना आवश्यक होगा।

(6) उक्तवत् नियुक्त किये जा रहे अभ्यर्थियों की उक्त सेवा में नियुक्त किये गये तथा नियुक्त किये जाने वाले अन्य अभ्यर्थियों के साथ पारस्परिक ज्येष्ठता उत्तराखण्ड पुलिस सेवा नियमावली, 2009 एवं सरकारी सेवकों के ज्येष्ठता निर्धारण के सम्बन्ध में अन्य सुसंगत नियमावलियों एवं नियमों/शासनादेशों/मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार बाद में निर्धारित की जायेगी।

(7) नियुक्त किये जा रहे अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में योगदान/कार्यभार ग्रहण/प्रशिक्षण हेतु रिपोर्ट करने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता अनुमन्य/देय नहीं होगा।

(8) उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में आधारभूत प्रशिक्षण हेतु मार्ग दर्शक सिद्धांत संलग्न किया जा रहा है, जिसमें उल्लिखित दिशा–निर्देशों का अनुसरण किया जाना आवश्यक होगा।

3. उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में योगदान/कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उक्तवत् नियुक्त किये जा रहे समस्त अभ्यर्थी निम्नलिखित प्रमाण–पत्र योगदान आख्या के साथ सक्षम अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे :-

(1) अभ्यर्थियों द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधीन अब तक की गयी सेवा के सम्बन्ध में घोषणा–पत्र।

(2) समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित घोषणा, जिसके वे स्वामी हों।

(3) एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का घोषणा–पत्र/शपथ–पत्र।

(4) Indian Official Secret Act-1923 के प्राविधानों को पढ़ लिये जाने तथा उसके प्राविधानों एवं दिशा–निर्देशों का पूर्णतः पालन किये जाने के सम्बन्ध में घोषणा–पत्र।

(5) लिखित रूप में एक "Undertaking" कि यदि पुलिस सत्यापन, चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन, स्थायी निवास प्रमाण–पत्रों की जाँच, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में जाति प्रमाण–पत्रों की जाँच तथा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल तथ्य पाये जाने अथवा कोई प्रमाण–पत्र जाली/त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में उन्हें प्रदान की गयी नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

आज्ञा से,

एम0 एच0 खान,
प्रमुख सचिव।

कृषि एवं कृषि विपणन अनुभाग–1

विज्ञप्ति–नियुक्ति

01 जनवरी, 2015 ई0

संख्या 2287/XIII-1/2014-3(12)2014–उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2010 के आधार पर अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2010 में कृषि विभाग के अन्तर्गत कृषि सेवा श्रेणी–2 (विकास शाखा, अभियंत्रण शाखा, पौध संरक्षण शाखा एवं वनस्पति शाखा) में वेतनमान ₹15600–39100 + ग्रेड पे ₹ 5400 में इस

प्रतिबन्ध के अधीन नियुक्त करते हैं कि सम्बन्धित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन की रिपोर्ट उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2010 के अन्तर्गत कृषि सेवा श्रेणी–2 के लिए उपयुक्त हो। यदि किसी अभ्यर्थी के सम्बन्ध में प्रतिकूल तथ्य/रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी जाएगी। श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित तालिका पर उल्लिखित अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष के लिए परिवीक्षाकाल पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र0सं0	अभ्यर्थी का नाम एवं पता
1.	विधि उपाध्याय, पुत्री श्री जे0एन0 उपाध्याय, नियर डी0ए0वी0 स्कूल, हरिपुर नायक कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी, नैनीताल।
2.	श्री लोकेन्द्र बिष्ट पुत्र श्री विरेन्द्र सिंह बिष्ट, सहायक अध्यापक, रा0इ0का0 ओडाडा, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल, स्थाई पता–ग्राम व पो0 बणगांव, विकासखण्ड चिन्यालीसौड, जनपद उत्तरकाशी।
3.	श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा, सी0–25 नीलियाम कालोनी, पो0 मनपुर वेस्ट, हल्द्वानी, स्थाई पता–ग्राम कुमाटी तहसील कोश्या कुटोली, जिला नैनीताल।
4.	श्री पंकज कुमार पुत्र श्री जगत राम ग्राम मालधन चौड सेक्टर–2, पो0 चन्द्रनगर, तहसील रामनगर, जनपद नैनीताल।
5.	श्री दीपक पुरोहित पुत्र श्री राकेश चन्द्र पुरोहित, डी0आर0डी0ए0 कार्यालय, गोपेश्वर पो0ओ0 गोपेश्वर, जनपद चमोली।
6.	श्री नितेश कुमार पुजारी पुत्र श्री महेश चन्द्र पुजारी, विकासनगर, सेक्टर–3, पो0 हरिपुर नायक, कुसुखेडा, हल्द्वानी स्थाई पता–ग्राम गिनतीगांव पो0 ओ0 कोटाबाग, तहसील कालाढुंगी, जनपद नैनीताल।
7.	श्री अमित कुमार पुत्र श्री डी0के0 आर्य, सरस्वती भवन, निकट गांधी आश्रम, कलावती आश्रम, हल्द्वानी नैनीताल, स्थाई पता–ग्राम तल्ला निंगलाट, पो0ओ0 कैंची, तहसील कोश्या कुटोली, जनपद नैनीताल।
8.	श्री अश्वनी गौतम पुत्र श्री महावीर सिंह, मो0 भूपसिंह, न्यू हॉस्पिटल रोड़ नियर गिरविर की चक्की, जसपुर, ऊधमसिंहनगर।
9.	श्री अमरेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी, ग्राम बागवाला पो0ओ0 दानपुर, जिला ऊधमसिंहनगर।
10.	श्रीमती अभिलाषा अन्थवाल पत्नी श्री सतीश चन्द्र भट्ट, सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–1, कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, न्यू सब्जी मण्डी निरंजनपुर, देहरादून, स्थाई पता–ग्राम सरोली, पो0 जखन्याली, घनसाली, जनपद टिहरी
11.	श्री वरूण सिंह पुत्र श्री डी0एन0 सिंह, 43/6 ए, शिवकुटी, तेलीयारगंज, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश।
12.	श्रीमती रीतू कुकरेती पुत्री श्री दाता राम कुकरेती, विद्या विहार फेस–III, कारगी रोड़, पो0ओ0 देहरादून एवं स्थायी निवासी ग्राम सुण्डलपुर, पो0ओ0 काण्डाखाल जिला पौड़ी गढ़वाल।

2. उक्त सेवा "उत्तर प्रदेश अधनीस्थ कृषि सेवा नियमावली–1995" तथा शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाने वाली सेवा शर्तों से विनियमित होगी।

3. उपरोक्त अभ्यर्थियों को औपबन्धिक प्रथम नियुक्ति पर उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल में दिनांक 07.01.2015 से 28.03.2015 तक आयोजित आधारभूत प्रशिक्षण हेतु प्रथम नियुक्ति हेतु तैनात किया जाता है।

4. समस्त चयनित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल में अवस्थान के दौरान अकादमी द्वारा ही कराया जाएगा।

5. सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 06.01.2014 को अपरान्हन में उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल में उक्तानुसार अपेक्षित औपचारिकतायें/प्रमाणपत्रों के साथ योगदान प्रस्तुत किया जाएगा। योगदान न करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि व उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के इच्छुक नहीं है और ऐसी स्थिति में उनके अभ्यर्थन/नियुक्ति को निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकेगी।

6. योगदान प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थियों के द्वारा निम्नानुसार शपथपत्र पर घोषणा/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने अनिवार्य होंगे—

1. समस्त चल/अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित घोषणापत्र।
2. एक से अधिक जीवित पत्नी न होने अथवा ऐसे पुरूष से विवाह न करने जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो, से सम्बन्धित घोषणापत्र।
3. अभ्यर्थियों द्वारा केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन अब तक की गयी सेवा के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र।

7. सम्बन्धित अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल में योगदान देने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

8. उक्त अभ्यर्थियों की कृषि सेवा श्रेणी–2 में ज्येष्ठता बाद में निर्धारित की जाएगी।

9. यह नियुक्ति मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल में लम्बित रिट याचिका संख्या–67/2014 शैलेश भण्डारी बनाम उत्तराखण्ड राज्य, रिट याचिका सं0–86/2014 हेमचन्द्र एवं अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य, रिट याचिका सं0 106/2014 सुमित भण्डारी बनाम राज्य, रिट याचिका सं0–562/2011 नन्द किशोर बनाम राज्य, रिट याचिका सं0–326/2011 आशुतोष भट्ट बनाम राज्य, रिट याचिका सं0–पी0आई0एल0–67/2011, रिट याचिका सं0–330/2013 अजय डूंगराकोटी बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, रिट याचिका सं0 208/2014 पुष्पेन्द्र चौधरी बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग एवं इस परीक्षा से सम्बन्धित अन्य याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन रहेगी

आज्ञा से,

एस0 रामास्वामी,
प्रमुख सचिव।

पंचायतीराज एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा अनुभाग–2

अधिसूचना

09 जनवरी, 2015 ई0

संख्या 06/XII-2/2015/93 (17) 2006 टी0सी0–श्री राज्यपाल महोदय, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उत्तराखण्ड ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग अधीनस्थ अभियान्त्रिक सेवा नियमावली, 2007 में अग्रेत्तर संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग अधीनस्थ अभियान्त्रिक सेवा (संशोधन) नियमावली, 2014

1–संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग अधीनस्थ अभियान्त्रिक सेवा (संशोधन) नियमावली 2014 है।

2. यह तुरन्त प्रवृत्त होगी ।

नियम 4 का संशोधन:– उत्तराखण्ड ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग अधीनस्थ अभियांत्रिक सेवा नियमावली, 2007 (जिसे यहाँ आगे मूल नियमावली कहा गया है) में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये नियम रख दिये जायेगें अर्थात:–

स्तम्भ–1
वर्तमान नियम

सेवा का संवर्ग नियम 4(1) सेवा की सदस्य संख्या–और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या–उतनी होंगी, जितनी सरकार द्वारा समय–समय अवधारित की जाये।

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जाये, सेवा की सदस्य संख्या निम्नलिखित होगी :–

क0 सं0	पदनाम	पदों की सं0	वेतनमान
1	कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)	232	रू0 9300–34800 ग्रेड पे 4600
2	कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत / यांत्रिक)	20	रू0 9300–34800 ग्रेड पे 4600

परन्तु– (एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरें हुए छोड़ सकेंगे या राज्यपाल आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा।

(दो) राज्यपाल समय–समय पर ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जो वह उचित समझें।

स्तम्भ –2
एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

(4) (1) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जो समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित की जाए।

(2) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, जब तक नियम (1) के अधीन परिवर्तन न किया जाए, उतनी होगी जो उपधारा (1) के अनुरूप निर्धारित की जाऐगी;

परन्तु यह कि:–

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को खाली छोड़ सकेंगे अथवा राज्यपाल किसी पद को इस प्रकार आस्थगित कर सकेंगे, कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा।

(दो) राज्यपाल किसी ऐसे स्थायी अथवा अस्थायी पद को सृजित कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग–दो– भर्ती

नियम 5 का संशोधन :– मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिये जायेगें अर्थातः–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
भर्ती का स्रोत 5– सेवा में भर्ती लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती व्दारा की जायेगी ।	5– (क) कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)/(विद्युत/यांत्रिक) सेवा में भर्ती लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी । (ख) अपर सहायक अभियन्ता (सिविल)/विद्युत/यांत्रिक) मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे कनिष्ठ अभियन्ताओं में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा : परन्तु यह कि अपर सहायक अभियन्ता के पद पर पदोन्नति, कनिष्ठ अभियन्ता के कुल स्वीकृत पदों के सापेक्ष 75 प्रतिशत की सीमा तक ही की जायेगी। परन्तु यह और कि उक्त 75 प्रतिशत पदों पर पदोन्नत अपर सहायक अभियन्ताओं की सहायक अभियन्ता के पद पर पदोन्नति होने/सेवानिवृत्ति अथवा किसी अन्य कारण से पद के रिक्त होने पर ही कनिष्ठ अभियन्ता के पद उस सीमा तक रिक्त माने जायेंगें। अपर सहायक अभियन्ता के पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप कनिष्ठ अभियन्ता एवं अपर सहायक अभियन्ता के कार्य एवं दायित्व समान होंगे और एक ही जॉब चार्ट के अधीन होंगे।

भाग –तीन– भर्ती की प्रकिया

नियम 15 का संशोधन

मूल नियमावली के नियम 15(3) के पश्चात नियम 15 –क निम्नवत् जोड़ दिया जायेगा; अर्थात:–

15–क पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रकिया :–

अपर सहायक अभियन्ता (सिविल/विद्युत/यान्त्रिक)

1 नियुक्ति प्राधिकारी उत्तराखण्ड राज्य के लिए वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा।

2 अपर सहायक अभियन्ता के पद पर भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर निम्नवत् गठित चयन समिति के माध्यम से की जायेगी :–

(1) विभागाध्यक्ष – – अध्यक्ष

(2) विभागाध्यक्ष द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी जो कि अधीक्षण अभियन्ता से अन्यून श्रेणी का हो – सदस्य

(3) विभागाध्यक्ष कार्यालय में कार्यरत अधिशासी अभियन्ता अथवा उसके समकक्ष अधिकारी – सदस्य

टिप्पणी:– उक्त चयन समिति के अध्यक्ष अथवा सदस्यो में से यदि कोई भी अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी का अधिकारी न हो तो उक्त श्रेणी के किसी अधिकारी को अध्यक्ष द्वारा चयन समिति में नामित किया जायेगा।

परिशिष्ट–"क"

(नियम 4 का उपनियम (2) देखें)

क्र0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1	2	3	4
1.	कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)	232	9300–34800 ग्रेड पे 4600
2.	कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यान्त्रिक)	20	9300–34800 ग्रेड पे 4600
3.	अपर सहायक अभियन्ता (सिविल)	*	9300–34800 ग्रेड पे 4800
4.	अपर सहायक अभियन्ता (विद्युत/यान्त्रिक)	*	9300–34800 ग्रेड पे 4800

नोटः– * अपर सहायक अभियन्ता के पद क्रमशः कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल, विद्युत/यान्त्रिक, प्राविधिक के कुल स्वीकृत पद के सापेक्ष 75 प्रतिशत की सीमा अन्तर्गत निर्धारित रहेंगे।

आज्ञा से,

शैलेश बगौली,

प्रभारी सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of **"the Constitution of India"**, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification **No. 06/XII-2/2015/93(17)/2006 TC,** dated January 09, 2015 for general information.

NOTIFICATION

January 09, 2015

No. 06/XII-2/2015/93(17)/2006 TC--In exercise of the powers conferred by Article 309 of the "Constitution of India" the Governor is pleased to make the following rules with a *view* to further amend the Uttarakhand Rural Engineering Service Department Subordinate Engineering Service Rules, 2007:--

The Uttarakhand Rural Engineering Service Department Subordinate Engineering Service (Amendment) Rules, 2014

Short title and commencement

(1)1-These rules shall be called The Uttrakhand Rural Engineering Service Department Subordinate engineering Service (Amendment) Rules,2014

2- they shall come into force at once.

Amendment of Rule 4

In The Uttarakhand Rural Engineering Service Department Subordinate Engineering Service Rules, 2007 (hereafter referred as principal rules) in place of existing rule given in column 1 below, the rules given in column 2, shall be substituted; namely-

Column-1

Existing Rule

Rule 4 of cadre of service-(1) The strength of members in service and of each categpry therein shall be such as prescribed by the Government from time to time.

(2) unless the orders are not given for change under sub rule (1), the strength of service shall be as under

S.No.	Designation	Number of Posts	Pay Scale
1	Junior Engineer (Civil)	232	9300-34800 Grade pay 4600
2	Junior Engineer (Electrical/ Mechanical)	20	9300-34800 Grade pay 4600

Provided that

(i) The appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post without therby entitling any person to compensation.

(ii) The Governor may create such additional permanent or temporary posts,as he may consider proper.

Column- 2

Rule is hereby substituted

4 (1) The strength of employees/officers in service and of each category therein shall be such as prescribed by the Government from time to time.

(2) Unless a change is not made under Rule (1) the strength of employees/ officers and of each category therein shall be such as prescribed under sub rule (1).

Provided that

(i) The appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post without thereby entitling any person to compensation.

(ii) The Governor may create such additional permanent or temporary posts, as he may consider proper.

Part two- Recruitment

Amendment or Rule 5:-

In place of existing rule of principal rules given below column-1 the rule given in column-2 shall be substituted, namely:-

Column-1

Existing Rule

Source of recruitment-5- Recruitment to the service shall be made by direct recruitment through Uttarakhand Public Service Commission

Column-2

Rule is hereby substituted

5-(a) Junior Engineer (Civil/Electrical)/Mechanical)- Recruitment to the service shall be made by direct recruitment through Uttarakhand Public Service Commission.

(b) Additional Assistant Engineer (Civil/Electrical)/Mechanical)- By promotion on the basis of seniority subject to the rejection of unfit from amongst such substantively appointed Junior Engineers who have completed minimum five years service as such on the first day of the year of recruitment;

Provided that the promotion to the post of Additional Assistant Engineers shall be made up to the limit of 75 percent against the total sanctioned posts of Junior Engineers.

After the appraisal/promotion of Additional Assistant Engineers to the post of Assistant Engineer/retirement/ any other reason the 75 percent of post of Junior Engineers will be considered vacant.

Due to promotion to the post of Additional Assistant Engineer, The duties and responsibilities of Junior Engineer and Additional Assistant Engineer shall be same and under the same job chart.

Part three-Procedure of recruitment

Amendment of Rule 15 :--

After rule 15 (3) of the principal rules, rule 15 (A) shall be added as follow ; namely--

15(A) Procedure for the Recruitment by promotion Additional Assistant Engineer (Civil/Electrical/ Mechanical)

(1) The appointing authority shall determine the number of vacancies to be filled during the year for the state of Uttarakhand

(2) The recruitment to the post of Additional Assistant Engineer shall be made on the basis, of seniority subject to the rejection of unfit through the Selection Committee constituted as follow :--

(a)	Head of the Department	Chairmen
(b)	An officer nominated by the Head of the Department not below the rank of Superintending Engineer	Member
(c)	Executive Engineer posted in the office of head of the Department of an equivalent officer	Member

Note : In case neither Chairman or any member of the above Committee belongs to the Scheduled Castes/Scheduled Tribes then and officer from the above category shall be nominated to the Committee by the Chairman

Enclosure--"A"

[See sub rule (2) of Rule 4]

S.No.	Designation	Number of posts	Pay Scale
1	2	3	4
1.	Junior Engineer (Civil)	232	9,300-34,800, Grade pay 4,600
2.	Junior Engineer (Electrical/Mechanical)	20	9,300-34,800, Grade pay 4,600
3.	Additional Assistant Engineer (Civil)	*	9,300-34,800, Grade pay 4,800
4.	Additional Assistant Engineer (Electrical/Mechanical)	*	9,300-34,800, Grade pay 4,800

Note :--Against the total Sanctioned posts of Junior Engineer (Civil/Electrical/Mechanical) respectively, the posts of Additional Assistant Engineer shall remain prescribed under the limit of 75 percent.

By Order,

SHAILESH BAGAULI,

Officiating Secretary.

पी०एस०यू० (आर०ई०) 10 हिन्दी गजट/139-भाग 1-2015 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक-अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकृत संख्या–यू०ए०/डी०ओ०/डी०डी०एन०/30/2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 07 मार्च, 2015 ई० (फाल्गुन 16, 1936 शक सम्वत्)

भाग 1–क

नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया

कार्यालय आयुक्त कर, उत्तराखण्ड

(विधि–अनुभाग)

समस्त डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर,
समस्त असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर,
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तराखण्ड।

19 जनवरी, 2015 ई०

पत्रांक 4809/आयु०कर उत्तरा०/वाणि०क०/विधि–अनुभाग/पत्रा० 05/14–15/देहरादून–उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 75/2015/19(120)/xxvii(8)/2012/ दिनांक देहरादून 16 दिसम्बर, 2015 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005 के नियम 11 में कर के लिये दायी व्यौहारी अथवा स्रोत पर कटौती करने के लिये उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2014–2015 से सम्बन्धित 30 सितम्बर को समाप्त होने वाले त्रैमास की सावधिक विवरणी दाखिल करने हेतु निर्धारित समय–सीमा में 20 दिन की वृद्धि करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

उपरोक्त अधिसूचना की प्रति आपको इस आशय से प्रेषित है कि शासन द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करना/करवाना सुनिश्चित करें।

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

16 जनवरी, 2015 ई०

संख्या 75/2015/19(120)/XXVII(8)/2012–चूंकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अत्एव, अब, श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005 (अधिनियम सं0 27, वर्ष 2005) की धारा 23 की उपधारा (1) तथा धारा 35, सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (अधिनियम सं0 01, वर्ष 1904) (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके सहर्ष आदेश देते हैं कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर नियम, 2005 के नियम 11 में किसी बात के होते हुए, कर के लिए दायी ब्यौहारी अथवा स्रोत पर कर कटौती करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2014–15 से सम्बन्धित 30 सितम्बर को समाप्त होने वाले त्रैमास की सावधिक विवरणी दाखिल करने हेतु निर्धारित समय–सीमा में 20 दिन की वृद्धि की जाती है परन्तु इस वृद्धि हेतु प्रतिबन्ध यह होगा कि ब्यौहारी द्वारा इस अवधि का देय कर तथा स्रोत पर कर कटौती करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा जमा योग्य टी0डी0एस0 की राशि नियम 11 में निर्धारित समय के अन्दर जमा कर दी गयी हो।

(विधि–अनुभाग)

समस्त डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर,

समस्त असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर,

समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तराखण्ड।

22 जनवरी, 2015 ई0

पत्रांक 4864/आयु0कर उत्तरा0/वाणि0क0/विधि–अनुभाग/पत्रा0 05/14–15/देहरादून–उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 96/2015/181(120)/xxvii(8)/08/देहरादून/दिनांक 20 जनवरी, 2015 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा उत्तराखण्ड मूल्यवर्धित कर अधिनियम, 2005 (अधिनियम सं0 27 वर्ष 2005) की धारा 4 की उपधारा (4) सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (अधिनियम सं0 01, वर्ष 1904) (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से मूल्यवर्धित कर अधिनियम की अनुसूची–I एवं अनुसूची–II (ख) के सम्बन्ध में संशोधन किया गया है।

उपरोक्त अधिसूचना की प्रति आपको इस आशय से प्रेषित है कि शासन द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करना/करवाना सुनिश्चित करें।

अधिसूचना

20 जनवरी, 2015 ई0

संख्या 96/2015/181(120)/XXVII(8)/08–चूंकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अत्एव, अब, श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005 (अधिनियम सं0 27, वर्ष 2005) की धारा 4 की उपधारा (4) सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (अधिनियम सं0 01, वर्ष 1904) (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से, मूल्य वर्धित कर अधिनियम की अनुसूची–I एवं अनुसूची–II (ख) में निम्नलिखित संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

संशोधन

क्र0 सं0	अनुसूची	अनुसूची में वर्तमान प्रविष्टि एवं क्रम संख्या	संशोधित प्रविष्टि
1	2	3	4
1.	I	1. पशुओं द्वारा चलित गाड़ी तथा इस अधिनियम की किसी दूसरी सूची में उल्लिखित कृषि उपकरणों के अन्यथा मनुष्य या पशु या ट्रैक्टर द्वारा चालित कृषि उपकरण	1. इस अधिनियम की किसी दूसरी अनुसूची में उल्लिखित कृषि उपकरणों के, अन्यथा हाथ से अथवा पशु या ट्रैक्टर से संचालित कृषि उपकरण (जिसमें काष्ठ या इमारती लकड़ी से बने उनके पार्ट्स तथा एसेसरीज सम्मिलित नहीं हैं)

क्र० सं०	अनुसूची	अनुसूची में वर्तमान प्रविष्टि एवं क्रम संख्या	संशोधित प्रविष्टि
2.	I	7. मधुमक्खी का कृत्रिम घर और शहद	7. (i) शहद (ii) सागौन (टीक), देवदार, साल, शीशम, कैल अथवा सैन के अन्यथा सभी प्रकार/प्रजाति की इमारती लकड़ी अथवा काष्ठ से बना मधुमक्खी का कृत्रिम घर
3.	I	55. स्लेट (जिसमें लेखनपट सम्मिलित नहीं है), स्लेट पेन्सिल, तख्ती और लकड़ी के स्केल एवं डस्टर	55. स्लेट (जिसमें लेखनपट सम्मिलित नहीं हैं) और स्लेट पैंसिल
4.	II(B)	6. सभी प्रसंस्कृत व परिशोधित सब्जियाँ, शाकाहारी मशरूम तथा फल जिसमें फलों के जैम, जैली, स्क्वैश, पेस्ट फलों के पेय, फलों का रस और अचार (चाहे बन्द डिब्बों में हो अथवा अन्यथा) भी सम्मिलित हैं	6. सभी प्रसंस्कृत व परिशोधित सब्जियाँ, मशरूम तथा फल जिसमें फलों का जैम, जैली, फलों का स्क्वैश, पेस्ट, फलों का पेय, फलों का रस और अचार सम्मिलित हैं परन्तु जिसमें सभी प्रकार के सॉस, पोटेटो चिप्स, बनाना चिप्स तथा अन्य प्रकार के फल व सब्जियों के चिप्स सम्मिलित नहीं हैं (उक्त वस्तुएँ चाहे सील्ड कन्टेनर्स में हों अथवा अन्यथा)
5.	II(ख)	8. बहुमूल्य धातुओं को छोड़कर अल्यूमिनियम, लोहा व इस्पात, प्लॉस्टिक तथा अन्य सामग्री से बने सभी प्रकार के बर्तन (जिसमें प्रेशर कुकर/पैन भी सम्मिलित है), बाल्टियां एवं कन्टैनर्स, और इनैमिल के बर्तन	8. बहुमूल्य धातुओं को छोड़कर अल्यूमिनियम, लोहा व इस्पात, प्लॉस्टिक अथवा अन्य सामग्री से बने सभी प्रकार के बर्तन एवं इनैमिल के बर्तन (जिसमें प्रेशर कुकर/पैन भी सम्मिलित है), बाल्टियाँ, जग एवं मग
6.	II(ख)	9. "पैकिंग के सामान जिसमें (क) कागज, पेपर बोर्ड, कोरोगेटिड शीट्स, प्लॉस्टिक से बने बक्से, डिब्बे कार्टून, जैरी कैन, थैले, (ख) पुर्न—चक्रित कागज से बने मोल्डिड ट्रे, (ग) जूट एवं सन से बनाये गये टाट व बोरे, (घ) लेमिनेटेड जूट के बोरे, (ङ) खाली ग्लास, बोतल एवं फिअल्स भी सम्मिलित है"	9. "पैकिंग के सामान जिसमें (क) ऐसे बॉक्स, क्रेट, केस, कार्टून्स, जैरी कैन एवं थैले, जो कागज, पेपर बोर्ड, कोरोगेटिड शीट्स अथवा प्लॉस्टिक के बने हुए हों (ख) पुर्न—चक्रित कागज से बने मोल्डिड ट्रे, (ग) जूट एवं सन से बनाये गये टाट वक बोरे, (घ) लेमिनेटेड जूट के बोरे, (ङ) खाली ग्लास, बोतल एवं फिअल्स सम्मिलित हैं परन्तु काष्ठ अथवा इमारती लकड़ी से बने हुए पैकिंग के सामान सम्मिलित नहीं हैं

क्र0 सं0	अनुसूची	अनुसूची में वर्तमान प्रविष्टि एवं क्रम संख्या	संशोधित प्रविष्टि
7.	II(ख)	41. ड्रग्स, औषधियों और फार्मास्यूटिकल्स निर्मित (एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक तथा यूनानी), जिसमें टीके की दवा, सिरिंज व पट्टियाँ, औषधिक मल्हम, जो ड्रग लाइसेंस के अधीन उत्पादित हों और आई0पी0 श्रेणी का हल्का लिक्विड पैराफीन	41. ड्रग्स एवं औषधियां, चाहे पेटेन्ट हों या सांपत्तिक, जैसा कि ड्रग्स एवं कास्मेटिक्स अधिनियम, 1940 (केन्द्रीय अधिनियम 23, 1940) की धारा 3 (क) अथवा धारा 3 (ख) के खण्ड (i), (ii), (iii) एवं ड्रग्स एवं कास्मेटिक्स नियम, 1945 के नियम 2 (घघ) में परिभाषित हैं, जिसमें वैक्सीन, हाईपोडरनिक सिरिंजेज, हाईपोडरमिक निडिल, अंत्र–रज्जु, टांका (घाव सीने का धागा) शल्यक रूई, पट्टियां, प्लॉस्टर्स, कैथरटर्स, कैन्यूले, बैन्डेजेज, औषधिक मल्हम, जो ड्रग्स लाइसेंस के अधीन उत्पादित हों, आई0पी0 श्रेणी का हल्का पैराफिन एवं इसी प्रकार की वस्तुएँ सम्मिलित हैं किन्तु निम्नलिखित औषधियुक्त वस्तुएँ सम्मिलित नहीं है :— (i) सभी प्रकार का तेल, (ii) टूथ पेस्ट, टूथ पाउडर और अन्य दंत मंजन (iii) साबुन, (iv) शैम्पू (v) कॉस्मेटिक्स एवं टॉयलेट प्रिपरेशन्स, (vi) टेलकम पाउडर (vii) मच्छर विकर्षक किसी भी रूप में
8.	II(B)	125. लेखन उपकरण, ज्यामितीय डिब्बे, रंग के डिब्बे, रंग की पेंसिल, पेंसिल की तीक्ष्णक और वैज्ञानिक गणितीय, सर्वे, यांत्रिक रेखाचित्र और जैव उपकरण और यंत्र	125. लेखन उपकरण, ज्यामितीय डिब्बे, रंग के डिब्बे, रंग की पेंसिल, पेंसिल की तीक्ष्णक और वैज्ञानिक गणितीय, सर्वे, यांत्रिक रेखाचित्र और जैव उपकरण और यंत्र (लेकिन इनमें उक्त उत्पाद सम्मिलित नहीं है जो काष्ठ या इमारती लकड़ी से बने हों)
9.	II(B)	133. "प्लाईवुड उत्पाद अर्थात् ब्लैक बोर्ड, फ्लश डोर, विनीयर एवं कृषि अपशिष्ट जैसे बैगास से निर्मित प्लेन एवं प्रीलैमिनेटेड फाइबर व पार्टिकल बोर्ड्स एवं कृषि आधारित वृक्षों यथा यूकेलिप्टस एवं पापुलर के टिम्बर से निर्मित फाइबर बोर्ड्स व पार्टिकल बोर्ड्स"	133. कृषि अवशिष्ट आधार जैसे बैगास से निर्मित प्लेन एवं प्रीलैमिनेटेड फाइबर व पार्टिकल बोर्ड्स
10.	II(B)	नयी प्रविष्टि	145. मोल्डेड प्लॉस्टिक फुटवियर, हवाई चप्पलें एवं उनके स्ट्रैप्स

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification No. 96/2015/181(120)/XXVII(8)/08, dated January 20, 2015 for general information.

NOTIFICATION

January 20, 2015

No. 96/2015/181(120)/XXVII(8)/08--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

Now, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (4) of section 4 of the Uttarakhand Value Added Tax Act, 2005 (Act no. 27 of 2005) read with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 (U.P. Act no. 1 of 1904) (as applicable to the State of Uttarakhand), the Governor is pleased to allow, with effect from the date of publication of this notification in Gazette, the following amendment in Schedule-I and Schedule-II (B) of the Uttarkhand Value Added Tax Act, 2005:--

Amendments

Sl.	Schedule	Sl. no. and the existing entry in the schedule	Amended / Added Entry
1	I	1.Cart driven by animal and agricultural implements other than those mentioned in any other schedule of this act, manually operated or animal driven or tractor driven.	1. Agricultural implements other than those mentioned in any other schedule of this act, manually operated or animal driven or tractor driven (excluding parts and accessories thereof which are made of wood or timber).
2	I	7. Beehive and honey	7. (i) Honey (ii) Beehive made of timber or wood of kinds/ species other than Teak, Devdar, Saal, Sheesham, Kail or Sain.
3.	I	55. Slate (excluding writing boards), slate pencils, takhti and wooden scale & duster	55.Slate(excluding writing boards) and slate pencils
